आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 08.01.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर रील प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं को 12 जनवरी के दिन युवा दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।
- उत्तराखण्ड पुलिस ने डिजिटल पुलिसिंग में देश में पहला स्थान हासिल किया।
- चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में सात दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान।
- देहरादून में सरकारी स्कूलों में खेल सुविधाएं बनेंगी और बेहतर; राजधानी के आठ सरकारी विद्यालयों में आधुनिक बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट बनाए जाएंगे।

रील बनाओ नगद इनाम पाओ

प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचार और सामाजिक मूल्यों पर आधारित रील बनाने वाले युवाओं को नगद इनाम देने की पहल की गई है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से जोड़ना है। प्रतियोगिता के विजेताओं को 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

रेखा आर्या ने यह भी बताया कि युवा दिवस समारोह में प्रदेश के तीन युवा मंगल दल और तीन महिला मंगल दलों को भी सम्मानित किया जाएगा। इन्हें 1 लाख, 50 हजार और 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा नेशनल यूथ अवार्ड से सम्मानित युवाओं को भी मंच पर सम्मान मिलेगा। इच्छुक युवाओं को इस तरह की रील बनाकर अपलोड करनी, जिसमें स्वामी विवेकानंद के विचारों का आधुनिक भारत के संदर्भ में फोकस हो। रील को हैशटैग NationalYouthDay2026 के साथ इंस्टाग्राम पर पब्लिक करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि नौ जनवरी रखी गई है।

उपलब्धि

उत्तराखण्ड पुलिस ने डिजिटल पुलिसिंग के क्षेत्र में देशभर में पहला स्थान हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। अंतर–संचालित आपराधिक न्याय प्रणाली रैंकिंग में उत्तराखंड पुलिस ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था सुनील कुमार मीणा ने यह जानकारी दी।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी मासिक रैंकिंग में उत्तराखण्ड को 93 दशमलव चार–छह अंक प्राप्त हुए हैं, जिससे राज्य देश में पहले स्थान पर रहा है। अंतर–संचालित आपराधिक न्याय प्रणाली रैंकिंग के तहत पुलिस, न्यायालय, अभियोजन, जेल, फॉरेंसिक और फिंगरप्रिंट डेटाबेस को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ा जा रहा है। उत्तराखण्ड ने इस दिशा में समय से पहले अधिकांश मॉड्यूल्स का एकीकरण पूरा कर लिया है, जिससे केस डायरी, चार्जशीट, डिजिटल साक्ष्य और न्यायिक प्रक्रियाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर समन्वित हो सकी हैं। इससे जांच और अभियोजन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनी है।

प्रेस वार्ता में प्रयागराज महाकुंभ–2025 के दौरान उत्तराखण्ड एसडीआरएफ की भूमिका की भी जानकारी दी गई। महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध पर उत्तराखण्ड एसडीआरएफ की एक कंपनी को तैनात किया गया थी। 112 सदस्यीय दल ने 24 जनवरी से 27 फरवरी तक संगम नोज सहित अति संवेदनशील क्षेत्रों में जल रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, लापता श्रद्धालुओं की सहायता और अन्य आवश्यक सेवाओं का जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निर्वहन किया।

एसडीआरएफ द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उत्तराखण्ड एसडीआरएफ के अधिकारियों और जवानों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आकाशवाणी समाचार, देहरादून

## वित्तमान निर्धारण

पिथौरागढ़ में वर्ष 2026–27 के लिए फसलों के वित्तमान निर्धारण को लेकर ज़िला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से फसल ऋण सुलभ कराने के लिए विभिन्न फसलों के वित्तमान तय करना था।

बैठक में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, जड़ी–बूटी, चाय विकास बोर्ड और रेशम विभाग सहित बैंकों और सहकारिता से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित फसल वित्तमान की जानकारी जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने वित्तमानों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन्हें किसानों के हित, उत्पादन लागत, बाजार मूल्य और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप तय किया जाना चाहिए।

बैठक में कुछ फसलों और पशुपालन से जुड़े वित्तमानों में कमी और असंगति पर ध्यान दिलाया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिन मामलों में संशोधन की आवश्यकता है, उनका फिर से अध्ययन कर सुधारित वित्तमान शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं, ताकि इन्हें समय पर राज्य स्तरीय समिति को भेजा जा सके।

अनुमान

सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में वित्त वर्ष 2025–26 में सात दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में यह वृद्धि दर छह दशमलव पांच प्रतिशत थी। वर्तमान वित्त वर्ष के लिए जीडीपी के पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार इसे 201 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। जबकि 2024–25 के लिए इसका अनंतिम अनुमान 187 लाख करोड़ रुपये से अधिक था।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने कहा है कि सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि, अनुमानित वास्तविक वृद्धि का एक प्रमुख वाहक है। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण क्षेत्र से संबंधित सेवाओं में इस वित्त वर्ष के दौरान सात दशमलव पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। दूसरे दर्जे के क्षेत्र में विनिर्माण और निर्माण में सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान है।

फार्मर रजिस्टट्री

किसानों की आय बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उन तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार किसानों का डेटा डिजिटल कर रही है। इसके तहत प्रत्येक किसान की एक यूनिक आईडी बनाई जाएगी, जिससे उन्हें विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

उधम सिंह नगर ज़िले के सरवर खेड़ा गांव, तहसील काशीपुर में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शुरू हो गया है। यहां अब तक 10 किसानों ने पंजीकरण कराया है। पंजीकरण के लिए किसानों को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और भूमि से जुड़े दस्तावेज देने होंगे। किसान स्वयं पोर्टल के माध्यम से या कृषि जन सेवा केंद्रों पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

अपर जिलाधिकारी वित्त कौस्तुभ मिश्र ने बताया कि योजना के तहत पहले किसानों का अंश निर्धारण किया जाएगा। इसके बाद पंजीकरण कर उनकी यूनिक आईडी बनाई जाएगी, जिससे उन्हें कृषि से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश कुमार सिंह यादव ने बताया कि ज़िले में 69 प्रतिशत किसानों का अंश निर्धारण हो चुका है। योजना का उद्देश्य किसानों को एक ही मंच पर योजनाओं का लाभ देकर उनकी आय बढ़ाना है।

पहल

देहरादून में सरकारी स्कूलों में खेल सुविधाएं बेहतर करने के लिए मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण ने नई पहल की है। इसके तहत राजधानी के आठ सरकारी विद्यालयों में आधुनिक बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट बनाए जाएंगे। इस परियोजना पर कुल 4 करोड़ 84 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

प्राधिकरण के अनुसार, इन विद्यालयों में आउटडोर और इंडोर बैडमिंटन कोर्ट के साथ आउटडोर वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। प्राधिकरण ने सभी कार्यों को गुणवत्ता मानकों के अनुसार समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि छात्र–छात्राएं जल्द इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि स्कूलों में खेल कोर्ट बनने से छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। इन सुविधाओं का लाभ विद्यालयों के साथ–साथ स्थानीय लोगों को भी मिलेगा।

समाचार पत्र की सुर्खियां–

आज के समाचार पत्रों ने विभिन्न अलग–अलग ख़बरों को सुर्खी बनाया है।

सीएम से मिले अंकिता के माता पिता, सीबीआई जांच की पैरवी– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– अंकिता हत्याकांड मामले में दिया न्याय का आश्वासन, परिवार के साथ खड़ी सरकार।

सांसद अनिल बलूनी ने गढवाल की मांगों का रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन– अमर उजाला इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– कोटद्वार एक्सप्रेस को जयपुर तक चलाने की मांग, जनहित से जुड़ी कई मांगों को प्रमुखता से रखा।

जीपीओ में अब आधार कार्ड बनवाने के लिए नहीं लगानी पड़ेगी लाइन– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण खबर में लिखता है– देहरादून मुख्य डाकघर में दो नए काउंटर खुले, हर दिन 200 आधार बनाने व अपडेट का रखा गया है लक्ष्य...